सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं से छूट का अनुरोध

सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं से छूट का अनुरोध
नीति/कार्यक्रम ज्ञापन संख्या 164 के माध्यम से, शिक्षा मंत्रालय ने रिमोट लर्निंग की आवश्यकताओं पर स्कूल बोर्डों को दिशा प्रदान की है। इन आवश्यकताओं में शामिल एक अनिवार्य अपेक्षा है कि स्कूल बोर्ड एक ऐसी प्रक्रिया विकसित करें जो रिमोट लर्निंग में लगे छात्रों को सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं (नीचे तालिका देखें) से छूट के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग (नीचे तालिका देखें) के लिए न्यूनतम आवश्यकताओं से छूट के लिए व्यक्तिगत अनुरोध ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से या होम स्कूल को हार्ड कॉपी फॉर्म जमा करके स्कूल सुपरइंटेंडेंट (या उनके प्राधिकृत) को किए जाएंगे। सुपरइंटेंडेंट (या उनके प्राधिकृत) तब सभी अनुरोधों की समीक्षा करेंगे, व्यक्तिगत छूट के अनुरोधों के बारे में निर्णय लेंगे और सभी छूट वाले अनुरोधों को लिखित रूप में जवाब देंगे। स्वीकृत छूटें छात्र के ओंटारियो छात्र रिकॉर्ड में स्टोर की जाएंगी। आवेदकों के पास अब मौजूदा पहले से स्वीकृत छूट अनुरोधों को एक्सटैंड करने या एक समाप्ति तिथि का चयन करने का विकल्प होगा जो 2020/2021 स्कूल वर्ष के अंत तक बढ़ सकती है।

ग्रेड द्वारा सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग के लिए उम्मीदें

विभाजन	**छात्रों का ग्रेड स्तर**	**दैनिक न्यूनतम सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग के समय की आवश्यकता***
एलीमेंट्री	किंडरगार्टन	180 मिनट
	ग्रेड 1 से 3	225 मिनट
	ग्रेड 4 से 8	225 मिनट
सैकंडरी	ग्रेड 9 से 12	प्रत्येक 75 मिनट की कक्षा अवधि के लिए 60 मिनट का उच्चतर ** या पूर्ण कोर्स के शिड्यूल के लिए प्रति दिन 225 मिनट

* यह ऐसिंक्रोनस (स्वतंत्र) लर्निंग के समय के अतिरिक्त है।

** किसी भी अवधि के लिए सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग के समय की आवश्यकता, जो कि 75 मिनट नहीं है, को इस अनुपात को दर्शाने के लिए व्यवस्थित किया जाना चाहिए ।

सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग से छूट का अनुरोध माता-पिता/अभिभावकों या उन छात्रों द्वारा किया जा सकता है जिनकी आयु 18 वर्ष या अधिक है, या वे छात्र जो 16 या 17 वर्ष की आयु के हैं, लेकिन माता-पिता के नियंत्रण से निर्लिप्त हो

गए हैं। नीति/कार्यक्रम ज्ञापन संख्या 164 के अनुसार, यह फॉर्म TDSB वर्चुअल स्कूल में नामांकित छात्रों, सैकंडरी होम स्कूल वर्चुअल लर्निंग विकल्प, लर्निंग नेटवर्क वर्चुअल लर्निंग हब के साथ-साथ अनुकूलित इन-स्कूल डे (Adapted In-School Day) मॉडल में नामांकित सैकंडरी छात्रों के लिए है। यह छूट प्रक्रिया उन छात्रों के लिए उपलब्ध नहीं है जिन्होंने वास्तविक (इन-पर्सन) एलिमेंट्री स्कूल का चुनाव किया है ना कि होमस्कूलिंग का। छूट का अनुरोध करने वाले प्रत्येक छात्र के लिए एक अलग आवेदन जमा किया जाना चाहिए।

अनुकूलित इन-स्कूल डे मॉडल में पंजीकृत सैकंडरी छात्रों के लिए, सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं से पूरी छूट केवल स्कूल के ऑनलाइन सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) भाग पर लागू होती है। यह छूट शिक्षण के अनुकूलित इन-स्कूल डे मॉडल के इन-पर्सन भाग पर लागू नहीं होती है। सैकंडरी छात्रों के लिए इस मॉडल के इन-क्लास शिक्षण घटक में उपस्थिति अनिवार्य है।

शिक्षा तक सार्थक पहुंच का समर्थन करने के लिए, सभी छूट प्राप्त छात्रों के लिए वैकल्पिक शिक्षण तरीके लागु किए जाएँगे। छूट प्राप्त छात्रों को 300 मिनट के निर्देशात्मक दिन के अनुसार एक दैनिक शिड्यूल या समय सारिणी प्रदान की जाएगी।

छूट प्राप्त छात्रों के लिए उम्मीदें

- दैनिक शिड्यूल: छूट प्राप्त छात्रों को अपने शिक्षक द्वारा 300 मिनट के निर्देशात्मक दिन के अनुसार प्रदान किए गए दैनिक शिड्यूल या समय सारिणी का पालन करना चाहिए। इसके लिए छात्रों को स्वतंत्र रूप से ब्राइटस्पेस, गूगल क्लासरूम में क्लासरूम शिक्षक द्वारा प्रदान किए गए काम तक पहुंचने और पूर्ण करने की आवश्यकता होगी, या उचित परिस्थितियों के आधार पर किसी और सहमति-प्राप्त विधि द्वारा, और जहां शिक्षा की विशेष आवश्यकताएं, मैडिकल कारणों और अन्य कारणों जो संवेदक, दृष्टि, प्रत्यक्ष और अदृश्य विकलांगताओं, विकासात्मक कारणों, मानसिक स्वास्थ्य, आघात, धर्म/पंथ, परिवार की स्थिति, आदि तक सीमित न हों। जबकि शिक्षक अध्ययन के एक विशिष्ट कार्यक्रम में नामांकित छात्रों को एक ही दैनिक शिड्यूल या समय सारिणी प्रदान करेंगे, एसिंक्रोनस (स्वतंत्र) लर्निंग में तदनुसार अपनी व्यस्तता बढ़ाने की जिम्मेदारी उन छात्रों होगी, जिन्होंने छूट का विकल्प चुना है।
- लर्निंग सामग्री: छात्रों को संपूर्ण ओंटारियो पाठ्यक्रम के आधार पर प्रोग्रामिंग प्रदान की जाएगी और शिक्षक द्वारा कक्षा के लिए निर्धारित की गई अपेक्षाओं का पालन करेंगे। इन सामग्रियों को छात्र की व्यक्तिगत जरूरतों और परिस्थितियों पर आधारित ब्राइटस्पेस लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, गूगल क्लासरूम, या किसी अन्य सहमत-विधि (जैसे, फोन कौनफ्रैंसें, ईमेलें) के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
- दैनिक हाजिरी: छात्रों को पूर्ण छूट दिए जाने के अपवाद के साथ, सभी छूट प्राप्त छात्रों के लिए टीडीएसबी एलिमेंट्री और सैकंडरी उपस्थिति प्रक्रियाओं के अनुसार, एलिमेंट्री स्तर पर हाजरी दिन में दो बार और

सैकंडरी स्तर पर प्रति कोर्स ली जाएगी। उन छात्रों के लिए उपस्थिति प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए नीचे देखें जिन्हें सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग की निम्नतम आवश्यकताओं से आंशिक और पूर्ण छूट दी गई है। जब सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं से पूर्ण छूट दी गई है, तो शिक्षक अपने पेशेवर निर्णय का उपयोग करेंगे और छात्रों और उनके माता-पिता (अभिभावकों), (जहां लागू हो) के साथ चल रहे संपर्क को बनाए रखने के लिए काम करेंगे।

  - आंशिक छूट: टीडीएसबी एलिमेंट्री और सैकंडरी उपस्थिति प्रक्रियाओं के अनुसार, एलिमेंट्री स्तर पर हाजरी दिन में दो बार और सैकंडरी स्तर पर प्रति कोर्स ली जाएगी।
  - पूर्ण छूट: हाजरी मंगलवार (सोमवार और मंगलवार के लिए) और शुक्रवार (बुधवार से शुक्रवार के लिए) को दो बार साप्ताहिक रूप से दर्ज की जाएगी। पूर्ण छूट वाले छात्रों को उपस्थित चिह्नित किया जा सकता है यदि वे अपने शिक्षक के साथ निम्नलिखित में से एक या अधिक तरीकों से जुड़े हुए हैं: सप्ताह में कम से कम एक बार काम सबमिट करके, फोन कॉन्फ्रेंस, या अन्य संचार जैसे कि ब्राइटस्पेस, गूगल क्लासरूम, ईमेल, आदि द्वारा।

- आंकलन, मूल्यांकन और रिपोर्टिंग: जबकि बढ़ती हुई सफलता में उल्लिखित नीति: ओंटैरियो स्कूलों में आंकलन, मूल्यांकन, और रिपोर्टिंग (2010) में उल्लिखित नीति सभी टीडीएसबी छात्रों पर लागू होना जारी है, जिन्हें सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं से छूट के लिए अनुमोदित किया गया है, *बढ़ती सफलता: द मैथमैटिक्स अडैन्डम, ग्रेड 1 से 8, 2020*, यह ग्रेड 1 से 8 में गणित के लिए प्रांतीय रिपोर्ट कार्ड को पूरा करने के निर्देशों को पलट देगा। शिक्षक छात्रों को अध्ययन के प्रत्येक कार्यक्रम की शुरुआत में स्पष्ट रूप से मूल्यांकन अपेक्षाओं की रूपरेखा देंगे। यह ब्राइटस्पेस या गूगल क्लासरूम (जहां लागू हो) के एक आंकलन और मूल्यांकन फ़ोल्डर के भीतर पोस्ट किया जाएगा, आवश्यकतानुसार गैर-डिजिटल प्रतियाँ उपलब्ध कराई जाने के साथ। शिक्षक अंग्रेजी, फ्रेंच और द्वितीय भाषा सीखने वाले और विशेष शिक्षा की आवश्यकता वाले छात्रों के लिए एक व्यक्तिगत शिक्षा योजना (IEP) सहित सभी छात्रों को विभेदित सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। छात्र ब्राइटस्पेस या गूगल क्लासरूम में अध्ययन या पाठ्यक्रमों के कोर्सों, जिसमें वे नामांकित हैं, के सफल समापन के लिए आवश्यक कार्य और आकलन को पूरा करेंगे और सबमिट करेंगे।

सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग छूटों के लिए अनुरोध

छूट के माध्यम से छात्रों को समायोजित करने का इरादा स्कूल समुदायों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने में लचीलापन और समग्र मानसिक स्वास्थ्य और टीडीएसबी कर्मचारियों, छात्रों और परिवारों की भलाई के लिए अधिक से अधिक समर्थन की अनुमति देना है। जबकि सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग की छूट व्यक्तिगत छात्रों को कुछ लचीलापन प्रदान करती है, उन्हें ऐसिंक्रोनस (स्वतंत्र) मिनटों की संख्या में भी वृद्धि की आवश्यकता

होती है, जिसमें प्रत्येक छूट प्राप्त छात्र प्रतिदिन संलग्न होता है। शिक्षक के पेशेवर निर्णय के अनुसार, इसमें पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो लैसन देखना, असाइन किए गए कार्यों को पूरा करना या ऑनलाइन चर्चा बोर्डों में योगदान देना शामिल हो सकता है। कुछ मामलों में, ऐसिंक्रोनस (स्वतंत्र) लर्निंग के अवसरों तक पहुंच ईमेलों या टेलीफोन कॉलों के माध्यम से दी जा सकती है।

यह सुनिश्चित करना कि छात्र क्लासरूम टीचर के साथ संपर्क बनाए रखता है और असाइन किए गए अनुदेशात्मक और मूल्यांकन कार्यों को, जो सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग छूट के आवश्यक घटक हैं, को पूरा और सबमिट करता है। शिक्षा अधिनियम के तहत अनिवार्य स्कूली आयु के छात्रों की उपस्थिति आवश्यक है। छात्र की सफलता के अवसरों को अधिकतम करने के लिए, छात्र अनुपस्थितियों को शिक्षा अधिनियम, और नीति P085 में TDSB द्वारा उल्लिखित अनुसार शिक्षा मंत्रालय की संबंधित नीतियों - छात्र की उपस्थिति और सुरक्षित आगमन और शिक्षा मंत्रालय के ऍनरोलमेंट रजिस्टर निर्देशों के एलिमेंट्री और सैकंडरी स्कूलों के दस्तावेज के अनुसार संबोधित किया जाएगा। इसलिए, बिना सहायक दस्तावेज़ों के लगातार 15 स्कूली दिनों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप एक छात्र हाजिरी रजिस्टर से रिटायर हो सकता है।

अनिवार्य उपस्थिति, काम पूरा करने और मूल्यांकन अपेक्षाओं को पूरा करने में विफलता, सिंक्रोनस (लाइव, इंटरएक्टिव) लर्निंग के साथ असंगत हैं और उस के बजाय टीडीएसबी होमस्कूलिंग पॉलिसी में उल्लिखित होमस्कूलिंग के उद्देश्यों संरेखित है। अपने बच्चे को होमस्कूल करने के इच्छुक माता-पिता/अभिभावकों को उनके होमस्कूल के स्कूल सुपरिंटेंडेंट को एक नोटिस ऑफ इन्टेंट टू होम स्कूल (फॉर्म 553 ए) जमा करना होगा।

पूरी तरह से छूट प्राप्त छात्र और शिक्षण सामग्री तक पहुंच

वह सभी छात्र जिन्हें सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं से आंशिक या पूर्ण छूट दी गई है, उन्हें ग्रेड/कोर्स (कोर्सों) के लिए निर्देश और मूल्यांकन सामग्री के लिए ब्राइटस्पेस या गूगल क्लासरूम के भीतर पहुंच की इक्विटी प्रदान होना जारी रहेगा, जिसमें वे नामांकित हैं। शिक्षण गतिविधियों और एसिंक्रोनस (स्वतंत्र) लर्निंग के अवसरों को आंकलन और मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए शिक्षक को प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन पोस्ट किया जाएगा। छात्रों को उनके अध्ययन के कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्थन करने में यह एक महत्वपूर्ण पूर्वाकांक्षित शर्त है। उन सभी छात्रों को जिन्हें सिंक्रोनस (लाइव, इंटरैक्टिव) लर्निंग की न्यूनतम आवश्यकताओं से छूट दी गई है, वे अपने शिक्षकों के साथ संपर्क बनाए रखने के साथ-साथ असाइन किए गए कार्यों और आकलन को वापस करने की व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

आवेदन की समय सीमा

छूट के लिए अनुरोध प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की शुरुआत के बाद एक सप्ताह बाद निम्नलिखित तारीखों पर शाम

4 बजे तक जमा करवाई जानी चाहिएँ।

<u>एलिमेंट्री</u> आवेदन की आखरी तारीखें हैं: 20 अक्टूबर, 30 नवंबर और 23 फरवरी।

<u>सैकंडरी</u> आवेदन की आखरी तारीखें हैं: 20 अक्टूबर, 30 नवंबर, 15 फरवरी और 30 अप्रैल।

रिन्युअल (Renewals)/ऐक्सटैंशन (extensions): यदि आपकी पहले का स्वीकृत छूट अनुरोध समाप्त हो गया है या इसकी समाप्ति तिथि नज़दीक आ रही है, तो कृपया ऊपर दिए गए उसी ऑनलाइन लिंक के माध्यम से जल्द से जल्द एक नया छूट अनुरोध सबमिट करें।